# भतीजे ने की मौसी की हत्या

## दुष्कर्म के बाद गला दबाकर मारा





मैहर।

मैहर पुलिस ने एक महिला की हत्या की गुत्थी को 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इस मामले में मृतका का भतीजा ही आरोपी निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त को मैहर के महाराज नगर निवासी सुरेश चौधरी ने अपनी बहन अनीता चौधरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अनीता की तलाश शुरू की तो उनके घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर,लोहे के बक्से के पास खून बिखरा था और बक्से से बदबू आ रही थी। शक होने पर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और एफएसएल टीम को बुलाया गया। बक्सा खोलने पर अंदर से अनीता चौधरी का शव बरामद हुआ,जिसके सिर पर चोट के निशान थे। जांच के दौरान,पुलिस को पता चला कि मृतका का भतीजा किशन चौधरी 22 वर्ष घटना वाले दिन उसके घर आया था।पुलिस ने किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो उसने गुमराह करने की कोशिश की,लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि 28 अगस्त की रात वह अपनी मौसी के घर गया था। जब उसने अपनी मौसी को अकेला सोते हुए देखा, तो उसकी नीयत खराब हो गई। उसने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार कर उन्हें बेहोश किया और फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद,उसने कमरे में रखे बक्से से सोने-चांदी के जेवरात और 1000 रुपये चुराए। पकड़े जाने के डर से उसने अपनी मौसी का गला दबाकर उनकी हत्या कर दी और शव को बक्से में छिपा दिया। शव को कपड़ों से ढंककर उसने बक्से में ताला लगा दिया और घर के बाहर से ताला लगाकर अपने घर चला गया। उसने चोरी किए गए जेवरात घर के पीछे छिपा दिए और अपना मोबाइल भी फॉर्मेट कर दिया था।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 55,000 रुपये के जेवरात बरामद किए हैं। इस मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

# विराटनगर में नशे में धुत युवकों का आधी रात हंगामा

## महिलाओं को रौंदने की कोशिश, तीनों युवकों पर मुकदमा







सतना।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विराट नगर में मंगलवार रात साढ़े 12 बजे 3 युवकों ने नशे की हालत में कॉलोनी में हंगामा मचाया। युवकों पर कार से महिलाओं को कुचलने की कोशिश का भी आरोप लगा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इनमें से एक युवक कान्हा त्रिपाठी पहले भी इस तरह की हरकतें करता रहा है।

मंगलवार को वो अपने साथियों के साथ नशे में धुत होकर आया। उन्होंने छात्रों से गाली-गलौच की और परिसर में बियर की बोतलें फेंकी। विरोध होने पर कान्हा वहां से चला गया। लेकिन कुछ देर बाद कार नंबर एमपी 20 सीएल 3037 लेकर लौटा। उसने तेज रफ्तार में कार चलाते हुए मोहल्ले की महिलाओं को कुचलने का प्रयास किया। कार को पीछे करते समय वह एक पोल से भी टकरा गया। कान्हा के परिजन आ कर उसे घर ले गए।

### तीनों युवकों पर मामला दर्ज

इस बीच एक युवक ने खुद को पटवारी बताते हुए वहां पहुंचकर विवाद किया। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कान्हा त्रिपाठी और उसके दो साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है,जांच जारी।

### इनका कहना है

घटनाक्रम के बाद विराट नगर कॉलोनी के लोगों से बातचीत की जा रही है घटना की असली वजह क्या है इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**योगेंद्र सिंह,**
**टीआई सिविल लाइन थाना**

## खबर संक्षेप

### जिलाबदर का आरोपी सतना में घूमते हुए गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई के तहत जिले से बाहर रहने का आदेश होने के बावजूद सतना में घूम रहे एक आरोपी बजरंगी उर्फ सतीश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। यह गिरफ्तारी 3 सितंबर को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिला बदर का आरोपी बजरंगी उर्फ सतीश जायसवाल अपने घर बजरहा टोला के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बजरंगी उर्फ सतीश जायसवाल बताया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार,आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन अपराधों के कारण उसे जिला बदर करने का प्रस्ताव दिया गया था,जिसके बाद जिला दंडाधिकारी सतना ने 24 जून,को एक साल के लिए उसे सतना और उससे सटे जिलों (पन्ना,रीवा,मैहर) की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया था। आरोपी ने जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर अपने घर के पास घूमते हुए पाया गया। इस कृत्य के लिए उसके खिलाफ मध्य प्रदेश सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया। विधिवत गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र वर्मा,उपनिरीक्षक शुभम नागभिरे,प्र.आर.राहुल सिंह और आरक्षक अजीत सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### नगर के विभिन्न जगहों पर की गयी चालानी कारवाही एवं 2 किलो पॉलीथिन जप्त

**सतना।** स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह के आदेशानुसार नगरनिगम की स्वच्छता टीम एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा संतोषी माता मंदिर चौराहा,ग़ल्ला मंडी रोड,बिरला रोड पर चालानी कार्यवाही की गयी जिसमे 2 किलो पॉलीथिन जप्त की गयी और पंकज द्विवेदी 500 रिंकू कोतवानी 500/-टोटल 1000/-का जुर्माना किया गया तथा व्यपारियों को समझाया गया की कचरा यहाँ वहा नहीं फेकते हुए सिर्फ कचरा गाड़ी मे डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें उक्त कार्यवाही मे वार्ड दरोगा हरभजन सिंह,रामनरेश एवं समस्त स्वास्थ्य टीम के साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से निखिल जाधव, विशाल अग्निहोत्री और विनय डोहर उपस्थित थे।

### स्लीमनाबाद पुलिस ने उचित कार्यवाही नहीं करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली से नाखुश ग्राम धूरी निवासी लक्ष्मी लोधी मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जन सुनवाई में पहुंचा। फरियादी ने स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा शिकायतों पर उचित कार्यवाई नहीं करने के आरोप लगाए। उसने बताया कि 23 दिसंबर 2024 को उसके पिता के साथ गांव के ही लोटन सोनी एवं उसके परिजनों द्वारा गाली-गलौज व मारपीट की गई। घटना के दौरान लोटन सोनी, गोविन्द सोनी, विजय सोनी, रोशन सोनी, रक्कू सोनी, संतू सोनी एवं गोलू सोनी ने मिलकर न केवल उसके पिता बल्कि घर के अंदर घुसकर उसके भाई कृष्णा लोधी के साथ भी मारपीट की, जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई। लक्ष्मी लोधी ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना की रिपोर्ट थाना स्लीमनाबाद में दर्ज कराई गई, परंतु पुलिस ने उनकी शिकायत के अनुसार रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही अब तक उचित कार्यवाही की है। स्लीमनाबाद पुलिस कार्यवाही की बजाए हमें आकर धमकाती है ओर दवाब बनाती है जिस कारण एसपी कार्यालय शिकायत लेकर आना पड़ा है।

# पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा त्यौहारी सीजन में चलेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें

**सतना।** आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए, पश्चिम मध्य रेलवे ने कई पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनें विशेष किराए पर चलेंगी और पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

### ट्रेनों का विवरण

#### रक्सौल-वटवा-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (16-16 फेरे)

ट्रेन नंबर 05561 (रक्सौल-वटवा): 16 सितंबर से 30 दिसंबर तक, हर मंगलवार को रक्सौल से 11:20 बजे चलेगी और अगले दिन 20:00 बजे वटवा पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 05562 (वटवा-रक्सौल): 17 सितंबर से 31 दिसंबर तक, हर बुधवार को वटवा से 23:30 बजे चलेगी और तीसरे दिन 16 बजे रक्सौल पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेलवे के ठहराव: सतना,कटनी मुड़वारा,दमोह,सागर,बीना,संत हिरदाराम नगर।

#### दानापुर-हडपसर-दानापुर स्पेशल ट्रेन (10-10 फेरे)

ट्रेन नंबर 03213 (दानापुर-हडपसर): 27 सितंबर से 29 नवंबर तक,हर शनिवार को दानापुर से 21 बजे चलेगी और तीसरे दिन 04:15 बजे हडपसर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 03214 (हडपसर-दानापुर): 29 सितंबर से 1 दिसंबर तक, हर सोमवार को हडपसर से 06:45 बजे चलेगी और अगले दिन 19:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेलवे के ठहराव: सतना,मैहर,कटनी,मदनमहल,इटारसी।

#### गोमती नगर-एलटीटी-गोमती नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)

ट्रेन नंबर 05325 (गोमती नगर-एलटीटी): 27 सितंबर से 1 नवंबर तक,हर शनिवार को गोमती नगर से 00:15 बजे चलेगी और अगले दिन 05:50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 05326 (एलटीटी-गोमती नगर): 28 सितंबर से 2 नवंबर तक,हर रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07:55 बजे चलेगी और दूसरे दिन 10:45 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेलवे के ठहराव: बीना, रानी कमलापति,इटारसी।

#### गोमती नगर-महबूबनगर-गोमती नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)

ट्रेन नंबर 05314 (गोमती नगर-महबूबनगर): 28 सितंबर से 2 नवंबर तक,हर रविवार को गोमती नगर से 00:35 बजे चलेगी और अगले दिन 19:10 बजे महबूबनगर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 05313 (महबूबनगर-गोमती नगर): 29 सितंबर से 3 नवंबर तक,हर सोमवार को महबूबनगर से 22:10 बजे चलेगी और तीसरे दिन 14:00 बजे गोमती नगर पहुंचेगी।

# नेशनल हाईवे पर डकैती करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

सतना।

पुलिस ने सतना में नेशनल हाईवे पर कट्टा दिखाकर लूट और डकैती करने वाले एक गिरोह के पाँच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर की गई,जिसमें एक विशेष टीम का गठन किया गया था। यह घटना 2 अगस्त,की है। फरियादी शिवकुमार गुप्ता,जो चंदला,छतरपुर के निवासी हैं,ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पिकअप गाड़ी लोटस सिटी के पास खराब हो गई थी।



जब वे रात में गाड़ी में सो रहे थे,तभी दो मोटरसाइकिलों पर आए छह लोगों ने कट्टा दिखाकर उनसे 1,000 नकद और मोबाइल लूट लिए। इसके अलावा, उन्होंने फरियादी के फोनपे अकाउंट से 5,620 भी अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पाँच आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विक्कू कुशवाहा,ऋतिक तिवारी उर्फ रिशु,मनीष दहिया,दीपू दहिया और शिवम पटेल शामिल हैं। ये सभी नागौद,जिला सतना के रहने वाले हैं। इस मामले में एक आरोपी रोहित तिवारी अभी भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक 315 बोर का देसी कट्टा,एक जिंदा कारतूस,वारदात में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें और पाँच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 2,75,000 है। इस कार्य में थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजीत सिंह, सउनि दीपेश पटेल (सायबर सेल),सउनि अमर सिंह,प्र.आर.विकास सिंह,प्रवीण तिवारी,अविनय शर्मा,रविशंकर पाण्डेय,आरक्षक अंकेश मरमट,सुरेंद्र त्रिपाठी,बृजेश्वर यादव,यत्नेश द्विवेदी और महिला आरक्षक अंकिता सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मैहर में शुरू हुआ रात्रिकालीन सफाई महाअभियान

मैहर।

नगर पालिका परिषद ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए एक विशेष रात्रिकालीन स्वच्छता महाअभियान शुरू किया है। शहर की सड़कों पर फैली गंदगी और धूल के कारण राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। यह महाअभियान नगर के मुख्य चौराहों, रेलवे स्टेशन रोड,घंटाघर,स्टेट बैंक चौराहा,काली माता मंदिर मार्ग,राज परिवहन बस स्टैंड और अलाउद्दीन तिराहा सहित कई मोहल्लों में चलाया जा रहा है। इस अभियान में नगर पालिका का पूरा सफाई अमला पूरी लगन के साथ काम कर रहा है। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने लोगों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सुबह अपने घर का कूड़ा सड़कों पर न फेंकें,बल्कि कचरा गाड़ी आने पर ही उसमें डालें। उनका कहना है कि यह अभियान केवल सफाई का उपक्रम नहीं,बल्कि 'स्वच्छ नगर,स्वस्थ नगर' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शहरवासियों द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है और वे इसमें सहयोग भी कर रहे हैं।

# 63 लीटर अवैध शराब के साथ ऑटो जब्त,एक गिरफ्तार

मैहर।

जिले के अमरपाटन थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए,एक व्यक्ति को 63 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान,शराब तस्करी में इस्तेमाल किया गया एक ऑटो भी जब्त किया गया।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस टीम को 3 सितंबर को एक गुप्त सूचना मिली। सूचना के अनुसार,एक व्यक्ति हरे और पीले रंग के ऑटो से सुआ मोड़ की ओर अवैध शराब लेकर जा रहा था।सूचना मिलते ही,अमरपाटन पुलिस ने तुरंत सुआ मोड़ पर घेराबंदी की। वहां ऑटो चालक अंकित खटिक उम्र 30 वर्ष,निवासी बजरहा टोला,जिला सतना को रोककर हिरासत में लिया गया।ऑटो की तलाशी लेने पर,पुलिस को कुल 7 पेटी अवैध शराब मिली,जिसमें 2 पेटी सफेद प्लेन शराब,4 पेटी देशी मसाला शराब और 1 पेटी गोवा व्हिस्की शामिल थी। इन सभी शराब की कुल मात्रा 63 लीटर है,जिसकी अनुमानित कीमत 35,000 है।

### जब्ती और कानूनी कार्रवाई

आरोपी अंकित खटिक से जब शराब बिक्री के कागजात मांगे गए,तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद,पुलिस ने 35,000 की अवैध शराब के साथ-साथ,तस्करी में इस्तेमाल किए गए 3,00,000 की कीमत वाले ऑटो क्रमांक एमपी 19 जेड एल 6055 को भी जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते के साथ प्रआर रवि सिंह,आर सुरजीत सिंह,आर संतोष राय और आर उत्कर्ष वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# मैहर में नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई का भव्य अभिनंदन



**मैहर।** नगर कांग्रेस ने नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समारोह में धर्मेश घई को फलों से तुलादान किया गया,जिन्हें बाद में समाज में वितरित कर सेवा का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह और सतना के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में धर्मेश घई ने संगठन की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि पार्टी के सिद्धांत ही सर्वोपरि हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर संगठन की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया। यह समारोह केवल एक अभिनंदन नहीं, बल्कि कांग्रेस की संगठनात्मक एकता और सेवाभाव का प्रतीक बन गया।

# सतना में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर होगी युवा संसद, शिवराज सिंह चौहान होंगे मुख्य अतिथि

**सतना।** 11 सितंबर को लाल पदमधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर विद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एक भव्य युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत सरकार के कृषि,किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करना और एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व और व्यवहारिकता पर एक सार्थक चर्चा करना है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 4 सितंबर को सुबह 11 बजे विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स में एक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सांसद गणेश सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे,जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें आयोजन समिति के सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस युवा संसद में जिले भर के छात्र-छात्राएं,युवा प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे।

# भाजपा ने पूर्व महापौर की बहू के निधन पर जताया शोक

सतना।

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व महापौर ममता पांडेय की बड़ी बहू,डॉ.ज्योति पांडेय के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने शोक संदेश में कहा कि 35 वर्ष की अल्पायु में हुआ यह निधन एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस शोक सभा में भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे,जिनमें प्रदेश मंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक नागेंद्र सिंह और विक्रम सिंह विक्की,महापौर योगेश ताम्रकार,और कई अन्य प्रमुख नेता शामिल थे। सभी ने मिलकर डॉ.ज्योति पांडेय को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# केजेएस सीमेन्ट में सात दिन रही गणपति उत्सव की धूम

## चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने पूजन में भाग लिया

मैहर।

केजेएस सीमेन्ट राजनगर में विगत सप्ताह श्री गणेश पूजन समारोह की धूम रही । केजेएस के आवासीय परिसर एवं फैक्ट्री परिसर दोनों जगह गणेश जी का पंडाल सजाया गया। रोजाना प्रातः आरती हवन-पूजन से दोनों पूजा पंडालों में कार्यक्रम की शुरुआत होती जिसका समापन सायंकालीन आरती और भजन संध्या के साथ होता। केजेएस सीमेन्ट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने गणेश चतुर्थी के दिन दोनों पंडालों में पूजन किया। आवासीय परिसर में सजे गणेश पंडाल में व्यवस्था की जिम्मेदारी एचआर विभाग की थी जबकि फैक्ट्री परिसर में श्रमिक यूनियन की देखरेख में पूजन हुआ। मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के प्रमुख विकास रायजादा के निर्देशन में इस बार गणपति उत्सव में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कवि सुमित ओरछा ने भाग लिया। शिवानी झा एवं सुरेन्द्र झा के नेतृत्व में भजन मंडली ललितपुर से आई थी।उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच संचालन नवनीत ओझा ने किया। रोजाना शाम को होने वाले बच्चों के खेल, महिला मंडल एवं पुरुष मंडल की भजन स्पर्धा व नृत्य स्पर्धा आदि के आयोजन की जिम्मेदारी एचआर मैनेजर सतीश दुबे, अनिल उपाध्याय,डा.टीएस बघेल,शालू तिवारी एवं अदिति तिवारी ने निभाई। फैक्ट्री परिसर में पूजन की व्यवस्था पं.भास्कर गौतम की देखरेख में हुई जिसमें श्रमिक यूनियन के नेतागण पुष्पेंद्र सिंह,नीलेश्वर गुप्ता रणजीत सिंह,सुनील कुशवाहा,दिलीप सिंह एवं संदीप सिंह आदि का योगदान रहा। मंगलवार को गणपति की विदाई हुई और टमस नदी में दोनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नाचते-गाते कंपनी के कर्मचारियों ने गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।



# खाद ना मिलने से नाराज किसानों ने देवेंद्रनगर सलेहा मार्ग किया जाम

**सड़क पर बुजुर्ग महिलाओं ने दिया धरना थाना प्रभारी और खाद गोदाम प्रभारी की समझाइश के बाद खुला जाम**

बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे पन्ना जिले के देवेंद्रनगर में इन दिनों यूरिया खाद को लेकर मारामारी है. किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं. जहां किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों के साथ कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है. वहीं, अब किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर है.

देवेंद्रनगर।

इन सबके बीच देवेंद्रनगर से बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां सलेहा मार्ग में किसानों ने चक्का



जाम किया है जिससे लोगो को परेशानी हो रही है.थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और समझाने के बाद आवागमन शुरू हुआ। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन दरअसल, देवेंद्रनगर में किसानों का ये हंगामा उन्हें महीने भर से खाद और यूरिया न मिलने की वजह से हो रहा है. देवेंद्रनगर के खाद वितरण केंद्र में अल सुबह से ही किसानो की लंबी कतारें लग जाती है. लेकिन शाम होने के बाद तक कुछ किसानों को ही यूरिया मिल पा रहा है. जिससे किसान खासे नाराज हैं. आज किसानों के सब्र का बांध टूटा और उन्होंने सड़क जाम कर दी है. सलेहा मार्ग पर दो हजार किसान हैं. किसान सरकार और विधायक राजेश वर्मा मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। किसानों का आरोप है कि आज जब टोकन वितरण शुरू हुआ तो अफरातफरी मच गई. कई किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहे हैं, वहीं, जिन्हें मिल रहे हैं, उन्हें केवल एक बोरी खाद ही दिया जा रहा है. किसानों का कहना है कि खाद की कमी के कारण उनकी फसलें खराब हो रही हैं और समय पर खाद न मिलने से नुकसान बढ़ रहा है.वही खाद गोदाम प्रभारी विजय शंकर पांडेय एवं देवेंद्रनगर थाना प्रभारी रामासरे सोनकर के समझने के बाद किसानों ने जाम खोला।

## खबर संक्षेप

### आकांक्षा प्रजापति एवं शुभम वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन




**पन्ना।** सलेहा क्षेत्र के ए.आर.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल कटरा के दो होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र शुभम वर्मा पिता रामसेवक वर्मा, निवासी सलेहा तथा छात्रा आकांक्षा प्रजापति पिता बाबूलाल प्रजापति, निवासी पटना तमोली का चयन कक्षा 11वीं के लिए नवोदय विद्यालय रमखिरिया, जिला पन्ना में हुआ है। दोनों विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10वीं के परिणाम स्वरूप मेरिट बेस पर किया गया। आकांक्षा प्रजापति ने हाई स्कूल परीक्षा में 95.6 प्रतिशत तथा शुभम वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया था। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पवई जनपद की ग्राम पंचायतों में फर्जी वेंडरों का बोलबाला, करोड़ों के फर्जी बिलों से शासन को लगाया जा रहा चूना

**पन्ना।** पवई जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में इन दिनों भ्रष्टाचार की नई परतें सामने आ रही हैं। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कई पंचायतों में सरपंच और सचिव की मिलीभगत से फर्जी वेंडरों द्वारा बिना किसी वैध खनिज अनुमति, स्टॉक या पत्थर की लीज के, जीएसटी नंबर लेकर फर्जी बिल तैयार किए जा रहे हैं। इन बिलों के माध्यम से करोड़ों रुपये के भुगतान शासन से प्राप्त किए जा चुके हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई वास्तविक सामग्री आपूर्ति नहीं की गई। बताया जा रहा है कि इन फर्जी वेंडरों ने केवल नाममात्र की दुकानें पंजीकृत करवाई हैं और जीएसटी नंबर लेकर भारी मात्रा में बिल छपवा लिए हैं। ये वेंडर विकास कार्यों, खनिज आपूर्ति, मटेरियल सप्लाई आदि के नाम पर केवल बिलों का आदान-प्रदान कर रहे हैं, जबकि उनके पास न खनिज विभाग की स्वीकृति है, न कोई अधिकृत स्टॉक या ठेका।

**प्रशासन बना अनजान या है मौन समर्थन?-** जनचर्चा है कि संबंधित विभागों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या यह घोटाला केवल पंचायत स्तर तक सीमित है या इसके तार ऊपर तक जुड़े हुए हैं कृ यह जांच का विषय है।

**कई पंचायतों में एक ही वेंडर का बार-बार उपयोग-** जांच में यह भी सामने आया है कि एक ही वेंडर के नाम से दर्जनों पंचायतों में बिल लगाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि योजनाबद्ध तरीके से यह घोटाला अंजाम दिया जा रहा है। सभी वेंडरों की वैधता की जांच हो। संबंधित सरपंचों और सचिवों की भूमिका की पड़ताल हो। जीएसटी नंबर, खनिज अनुमति और सामग्री आपूर्ति की सच्चाई को सामने लाया जाए। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो।

### 8 सितम्बर तक किया जाएगा साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर एक से 8 सितम्बर तक साक्षरता दिवस के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत प्रत्येक दिवस निर्धारित गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारी, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना एवं डाईट प्राचार्य सहित डीपीसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जनअभियान परिषद एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक व नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। जिला कलेक्टर ने कहा है कि जिले को शत प्रतिशत साक्षर बनाने के उद्देश्य से सभी सहयोगी विभागों, शासकीय व निजी शिक्षण संस्थाओं इत्यादि के साथ जनसहभागिता से वांछित प्रयास आवश्यक है। इस क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत जिले में उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूर्णतः अक्षर साथी स्वयंसेवकों के सहयोग से वर्तमान में संचालित है। शासन के जारी निर्देशों का पालन कर संबंधितजनों को साप्ताहिक गतिविधियां संपादित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जन-जन साक्षर की भावना से 2022 से 2027 तक नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन निरंतर रूप से किया जा रहा है। साक्षरता सप्ताह में रैलियों का आयोजन, सर्वे कार्य, साक्षरता पंजी अद्यतन एवं एप में असाक्षरों की एंट्री एवं पठन-पाठन आदि की गतिविधियां आयोजित होंगी।

## त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये सड़क पर सतर्कता फ्लैग मार्च करते हुये पुलिस ने लिया नगर का जायजा




पन्ना।

पुलिस हमारी खुषहाली के लिये सदैव तत्पर रहती है त्यौहारों में भी पुलिस शांति व सुरक्षा को कायम रखने के लिये सड़क पर जानी जाती है। पन्ना पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च करते हुये जहां थाना कोतवाली प्रभारी नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा व यातायात थाना प्रभारी नीलम लच्छकार एवं भारी संख्या में पुलिस बल सड़क में उतरकर जायजा नगर का ले रहे है। त्यौहारों को खुषहाली के साथ मनाने के लिये जहां पुलिस हमारी सुरक्षा के दायित्वों को संभाले हुये है पुलिस हमारे नगर में सदैव अपने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वाहन में समय-समय पर अपनी भूमिका निभाती है जिससे जहां असमाजिक तत्वों में नकेल कसने के लिये भी जानी जाती है वहीं आम आदमी में पुलिस का भरोसा कायम रहता है क्योंकि सदैव हर समय सुरक्षा को लेकर पुलिस चाक चौबंध व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अपने दायित्वों को लेकर नगर हो या जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्षन में अपनी कार्यषैली को बनाये रखते हुये लोगों के लिये पुलिस जहां त्यौहारों में भी हमारे लिये खुषहाली को ध्यान में रखते हुये कार्य करती है।



## आने वाले त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**पन्ना।** आने वाले त्यौहार ईद उल फितर व गणेश विषर्जन मे नगर की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देदस्य से आज थाना अजयगढ़ के थाना प्रभारी बखत सिंह के नेतृत्व मे एक फ्लैग मार्च को निकाला गया फ्लैग मार्च अजयगढ़ थाना से प्रारम्भ होकर जय स्तम्भ चौराहा, छोटे स्टैंड, त्रिवेणी चौराहा होते हुए पुनः थाना अजयगढ़ मे समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी बखत सिंह,चौकी प्रभारी बीरा रवि सिंह जादौन,सहायक उप निरीक्षक एच सी राठौर व रावेन्द्र सिंह,प्रधान आरक्षक मनीष विश्वकर्मा, शंकर प्रताप सिंह, अशोक अहिरवार, राजकुमार अहिरवार आरक्षक मनोज पटेल, भूरी सिंह गुर्जर सहित थाना अजयगढ़ का पुलिस बाल मौजूद रहा।

## गुनौर विधानसभा के लिये 5 सितम्बर का दिन विधायक के प्रयासों से विकास की रफ्तार को लेकर जाना जायेगा

**सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव से टिकी उम्मीदें कई सौगातों को लेकर 5 सितम्बर का दिन गुनौर के लिये होगा खास**

पन्ना।




सरकार के मुखिया डॉ0 मोहन यादव का आगमन जहां 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के अमानगंज में तय सुधा कार्यक्रम को लेकर सरगर्मी विकास के कार्यों को लेकर नई सौगातों व नई उम्मीदों पर सबकी नजरें टिकी हुई है। गौरतलब बात तो यह है कि गुनोर विधानसभा अंतर्गत अमानगंज में सरकार के मुखिया का यह कार्यक्रम जहां गुनौर विधानसभा के कर्मठ व जुझारू व्यक्तित्व के धनी युवा विधायक डॉ0 राजेष वर्मा जो सतत अपनी विधानसभा को विकास की दिषा तय करने को लेकर अलग ही कार्यषैली को लेकर जाने जा रहे है वहीं आम जनता के बीच में सदैव अपनी उपस्थिती सुख हो या दुख हरदम साथ में दायित्व निभाने को लेकर भी अपनी भूमिका तय करते है डॉ0 राजेष वर्मा गुनौर विधायक जो इस पारी में अपने कर्तव्यों के निर्वाहन को लेकर समूची विधानसभा में सतत हर गांव-गांव में पहुंचकर हालात का जायजा लेते है वहीं भोपाल में विधानसभा में भी बारीकी से विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर जाने जाते है। वहीं 5 सितम्बर का दिन आपके प्रयासों से विकास की रफ्तार को लेकर सरकार के मुखियाद के आगमन से खास माना जा रहा है क्योंकि 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के विकास में नई सौगातों को लेकर इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी सफलता विधायक राजेष वर्मा की लगन व दृढता से विकास की उजाईयों को लेकर 5 सितम्बर का दिन खास।

## देवेंद्रनगर जैन समाज मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने जैन चरित्रों का जीवंत मंचन कर दर्शकों का हृदय मोह लिया

देवेंद्रनगर।




पर्यूषण पर्व के अंतर्गत देवेंद्रनगर स्थित जैन समाज मंदिर में उत्तम संयम दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ इस अवसर पर समाज के नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने विविध सामाजिक एवं धार्मिक चरित्रों का जीवंत रूपांतरण कर अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया प्रतियोगिता का शुभारंभ जैन धर्म के सिद्धांतों की मंगलाचरण के साथ हुआ समाज के महामंत्री रवि जैन ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम पर्यूषण पर्व के षष्ठम दिवस को समर्पित था जिसमें बच्चों ने आध्यात्मिकता नैतिक मूल्यों एवं पर्यावरणीय चेतना को केंद्र में रखकर अपने प्रस्तुतीकरण से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में जीव जैन ने हिंदी भाषा की भूमिका निभाकर उसकी सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्ता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया मोक्षा जैन ने जल संरक्षण की अवधारणा को जैन धर्म के सिद्धांतों से जोड़ते हुए पानी के चलने के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक पक्ष का विवेचन किया वहीं कुहू जैन ने जैन धर्म में गतियों(जीवों की अवस्था) के दार्शनिक पक्ष को अत्यंत सहजता से मंचित कर सराहना प्राप्त की प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बेस्ट समाज की अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन अतुल जैन एवं सुशील जैन सम्मिलित रहे जिनके द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल बाल प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ अपितु समाज के समस्त वर्गों को जैन धर्म की मूल शिक्षाओं नैतिकता एवं संयम का सशक्त संदेश भी प्रेषित करने में सफल में सफल रहे। श्रीमती पारुल जैन द्वारा बाल प्रतिभाओं के इस सांस्कृतिकधार्मिक प्रस्तुतीकरण की हृदयतः प्रशंसा करते हुए इसे नवपीढ़ी में नैतिक चेतना आध्यात्मिक अनुशीलन एवं धार्मिक संस्कारों के संप्रेषण का अनुकरणीय उदाहरण निरूपित किया गया।



## आगामी त्योहारों एवं मुख्यमंत्री आगमन को लेकर स्थानीय पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

अमानगंज

पन्ना जिले के अमानगंज नगर में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 5 सितंबर आगमन को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु एसडीओपी गुनौर मानसिंह टेकाम एवं थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्निहोत्री के संयुक्त प्रयास से स्थानीय पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों में एक फ्लेग मार्च पुलिस ने निकाला जिसके अंतर्गत एसडीओपी गुनौर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अमानगंज नगर के प्रमुख सड़क मार्गों पर हमने फ्लैग मार्च निकाला है जो आगामी त्यौहारों एवं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी सुरक्षा व्यवस्था मजबूती से देख रही है। स्थानीय जनता से पुलिस की अपील है कि अपने अपने त्योहार शांति एवं सद्भाव से मनाएं और पुलिस का सहयोग करें।

## नगर परिषद गुनौर के वार्ड क्र. 7 का कांग्रेसियों ने किया भ्रमण, सुनी जन समस्याएं




**कागजों पर हुई राशि खर्च वार्ड में गंदगी का अंबार- अरूण कुमार गौतम**

गुनौर।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर के तत्वाधान में नगर व क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में सप्ताहिक एक बार्ड एक ग्राम जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत गुनौर नगर पंचायत के बार्ड 07 में सभी कांग्रेस जनों के साथ स्थानीय नागरिकों से संपर्क किया जहाँ स्वच्छता के नाम पर भारी अनियमितता देखी गई कहने को तो इस बार्ड से स्वयं नगर परिषद अध्यक्ष पार्षद हैं पर विकास दूर दूर तक नहीं दिखाई दे रहा है नालियाँ से बदबू सडकों पर गढ्डे व कीचड़ होने से आम जन जीवन अस्तव्यस्त है व मच्छरों के कारण हर घर में मरीज हैं जो अलग अलग जगह ईलाज करा रहे हैं जबकि आऐदिन नगर परिषद के जिम्मेदार करोड़ों की विकास योजनाओं का बखान करते नहीं थकते ऐसा कहना है। स्थानीय मीडिया की उपस्थिति में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उक्त वार्ड की गलियों में खड़े होकर शासन प्रशासन को आईना दिखाने का काम किया है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व सामाजिक व्यक्तियों में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण बबलू गौतम संजय तिवारी कुलदीप सिंह डिघौरा केशरी अहिरवार धर्मराज कश्यप उमेश गुप्ता सतेन्द्र मिश्रा रविन्द्र मिश्रा अजय अहिरवार मूलचन्द पटेल मिलन ठेकेदार ब्रजेश पटेल कल्लू पटेल अशोक कुशवाहा संजय द्विवेदी व जैन साब उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बांदकपुर में गणेश प्रतिमा हटाने पर बवाल, प्रशासन और पुजारी परिवार आमने-सामने

**बनवार।** दमोह जिले के बांदकपुर में गणेश प्रतिमा हटाए जाने का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। जागेश्वरनाथ मंदिर के पुजारी नायक परिवार ने आरोप लगाया है कि खसरा नंबर 176/2 की जमीन उनकी पैतृक संपत्ति है, जहां 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। प्रशासन का दावा है कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में प्रशासन के नाम दर्ज है, जबकि पुजारी परिवार का कहना है कि इस भूमि पर उनका वर्षों से कब्जा है और यह उनकी निजी संपत्ति है। परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि 28 अगस्त को प्रशासन ने बिना उनका पक्ष सुने बलपूर्वक प्रतिमा हटा दी, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। नायक परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गणेश प्रतिमा की पुनः स्थापना और भूमि रिकॉर्ड में सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि इसी तरह के एक अन्य भूमि विवाद में वे पहले ही सिविल कोर्ट दमोह में जीत दर्ज कर चुके हैं, इसलिए उन्हें इस मामले में भी न्याय की उम्मीद है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि श्रद्धा और आस्था का भी सवाल है। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन उचित समाधान नहीं निकालता, विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे।

### घायल मवेशियों को गौसेवक स्वयं के खर्च पर पहुंचा रहे तेंदूखेड़ा गौशाला

**सिंग्रामपुर।** ग्राम सिंग्रामपुर अनेक वर्षों से गौसेंवक अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण रूप से कर रहे हैं क्योंकि घायल अवस्था में आवारा मवेशियों को देखने वाला कोई नहीं है। घायल मवेशी उपचार के लिए तड़पता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है गौसेंवक समिति अपने दायित्व का निर्माण अनेक वर्षों से निजी खर्च पर कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ जैन छोटू जैन हर्षल जैन मोंटी, अर्पित, मिक्की जैन आदि लोग यह संस्था में जुड़े हुए हैं जो घायल मवेशी होते है। सूचना पर तुरंत उपचार के लिए दवाइयां मल्मपट्टी आदि सामग्री लेकर पहुंचते हैं ज्यादा घायल मवेशियों को अपने स्वयं की राशि खर्च करके निजी वाहन द्वारा तेंदूखेड़ा गौशाला पहुंचाया जाता है यह संस्था कई सालों से मवेशियों की उपचार में लगी हुई है।

### घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तेजगढ़।** थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौराहा के पास स्वयं के मकान में एक व्यक्ति की फांसी लगाने की घटना सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है राकेश जैन उम्र लगभग 50 वर्ष पिता शीतल चंद्र जैन ग्राम हर्रई के रहने वाले थे। कुछ वर्षों से तेजगढ़ बस स्टैंड के पास अपना स्वयं का मकान बनवाकर रहने लगे थे। और स्वयं के मकान में कपड़ों की दुकान खोल कर धंधा करते थे लेकिन 2 सितंबर 2025 को करंट की तरह सुबह खबर फैली की राकेश जैन ने स्वयं के मकान में रात को लगभग 2 बजे फांसी लगा ली। घटना की सूचना परिजनों ने तेजगढ़ थाना जाकर सूचना दी। खबर मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल कर पंचनामा बनाकर मृतक को पोस्टमार्टम हेतु शासकीय अस्पताल तेंदूखेड़ा पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। पोस्टमार्टम होने के उपरांत परिजनों को शव को परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी तेजगढ़ अरविंद सिह एवं प्रधान आ रघुराज सिंह, ने बताया की पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा अभी कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### पुराना शौचालय जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नरसिंहगढ़ के बच्चे क्षतिग्रस्त शौचालय में जाने को मजबूर है। बच्चों की संख्या लगभग 400 से 500 है लेकिन इसके बाद भी स्कूल में अच्छा शौचालय तक नहीं है और जो है वह क्षतिग्रस्त है। वहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शासकीय स्कूल नरसिंहगढ़ में कई सालों पुरानी दीवाल बनी हुई है जो कभी भी गिर सकती है। यह शौचालय खंडहर में तब्दील हो चुका है। बच्चों को शौचालय मजबूरी में जाना पड़ता है। इसके साथ ही बाजू से क्षतिग्रस्त एक भवन बना हुआ है।

---

### कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर बिना नंबर मौत बनकर दौड़ रहे सड़कों पर

# रेत एवं ईट के अवैध कारोबार में कर रहे मनमानी कमाई, आरटीओ एवं प्रशासन ने साधी चुप्पी

छतरपुर।

जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में हजारों की संख्या में ट्रैक्टर सड़कों पर मौत बनकर दौड रहें है। यह ट्रैक्टर आरटीओ कार्यालय में कृषि कार्य के लिए पंजीकृत होते है। लेकिन इन ट्रैक्टर से रेत एवं ईट का अबैध कारोबार संचालित होता है। इन ट्रैक्टर और ट्रालियों पर कोई नंबर अंकित नही होता है। जबकि आरटीओ कार्यालय से नंबर रजिस्ट्रेशन के समय एलाट किए जाते है लेकिन ट्रेक्टर मालिकों की मनमानी इतनी अधिक चल रही है कि 90 प्रतिशत ट्रैक्टर में नंबर ही अंकित नही कराए जाते है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है। ताकि कोई घटना दुर्घटना होने पर आसानी से ट्रेक्टर का पता न चल सकें, समय समय पर पूरे जिले में वाहनों की चैकिंग का अभियान चलाया जाता है लेकिन यह चैकिंग अभियान केबल दो पहिया वाहनों तक सिमट कर रह जाता है। कभी भी ट्रैक्टर की चैकिंग नही की जाती है कि उनमें नंबर प्लेट है या नही। कई बार दुर्घटना करने के बाद ट्रेक्टर चालक लेकर भाग जाता है, पुलिस खोजती रह जाती है।



देखा यह जा रहा है कि सबसे अधिक ट्रैक्टर ट्राली रेत के कारोबार में चल रहें है पूरे दिन यह रेत के ट्रैक्टर सड़कों पर मौत बनकर दौडते है। लेकिन इन ट्रैक्टर में ना तो कोई नंबर होता है और न ही प्रशिक्षित डाईवर। बिना नंबर के यह ट्रैक्टर रेत के अबैध कारोबार में लिप्त रहते है। लेकिन इन बिना नंबर के ट्रैक्टर में नंबर डलवाना प्रशासन के लिए पूरी तरह से चुनौती बना हुआ है आखिर इन ट्रेक्टरों में नंबर डलवाने में प्रशासनिक लापरवाही क्यों चल रही है। क्या आरटीओ विभाग और ट्राफिक विभाग ने इन ट्रेक्टर मालिकों के सामने घुटने टेक दिए है। बिना नंबर के वाहनों पर नंबर डलवाने की जिम्मेदारी आरटीओ और ट्राफिक की है। फिर इन दोनो विभागों के अधिकारी बिना नंबर के ट्रेक्टरों पर नंबर क्यों नही डलवा पा रहें है।

**गायत्री मंदिर एवं महोबा रोड के अलावा और भी शहर में कई जगह लगता जमघट -**

बिना नंबर के ट्रेक्टरों को आरटीओ और ट्राफिक पुलिस के लिए पकडऩा बहुत ही आसान है क्योंकि रेत से भरे ट्रेक्टर गायत्री मंदिर के पास और ईट से भरे ट्रेक्टर महोबा रोड के अलावा शहर के कई जगह खड़े होते है। ट्राफिक व आरटीओं के कर्मचारी और अधिकारी कभी भी इन स्थानों पर पहुंचकर बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़ सकते है। लेकिन ना तो आरटीओ विभाग के कर्मचारी व अधिकारी ध्यान दे रहें है। और न ही ट्राफिक विभाग के अधिकारी। जिससे बेखौफ होकर बिना नंबर के ट्रैक्टर शहर में दौड़कर प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहें है अभी एक सप्ताह पूर्व ही थाना सिविल लाईन के अंतर्गत माईनिग विभाग ने रेत से भरा ट्रेक्टर पकड़ा तो रेत माफिया जबरन छुड़ा कर ले गए, जो प्रशासन के लिए शर्मनाक घटना थी भले ही बाद में सिविल लाईन थाने में मामला दर्ज किया गया और आरोपी गिरफ्तार किया गया।

---

# मानसिक स्वास्थ्य के बिना स्वास्थ्य नहीं, विषय पर व्याख्यान देंगे डॉ. शर्मा

एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन पुनर्वास संस्थान सीहोर में 10 को

छतरपुर।



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर में आगामी 10 सितंबर को एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य के बिना स्वास्थ्य नहीं, विषय पर गोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अपनी अपनी बात रखेंगे। मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा सम्मेलन में विशेष रूप से शामिल होकर अपना उद्बोधन देंगे।

जानकारी के मुताबिक सीहोर के विशाल क्षेत्र में बने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान में समय-समय पर कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिव्यांगों की बेहतरी के लिए चर्चाएं होती रहती हैं। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से डॉ संजय कुमार शर्मा को सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में दिल्ली में सम्मानित किया गया था। सीहोर के इस संस्थान में डॉ. शर्मा कार्यकारी परिषद के सदस्य हैं। डॉ. शर्मा को राष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षणिक एवं व्यवसायिक विकास को बढ़ावा देना है। डॉ. शर्मा भी सम्मेलन में शामिल होकर कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान देंगे। इस सम्मेलन में देश के जाने-माने ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ शामिल होकर अपना विषयवार उद्बोधन देंगे। संस्थान के अध्यक्ष प्रो. तेज बहादुर सिंह शुरुआत करेंगे। इसके बाद डॉ. रुपेश रंजन, डॉ. अंकित चौधरी, अर्जुन सिंह, कृर्ति जैन, अनुराधा कुशवाह, डॉ. नित्यानंद, प्रो.डॉ.विजेंदर सिंह, मोहित कुमार, डॉ. प्रियंका लेंका उपस्थित विद्यार्थियों एवं अन्य सदस्यों को मार्गदर्शन देंगी।

---

### पर्यूषण पर्व के आठवें दिन आज मनेगा उत्तम त्याग धर्म

# न केवल धन वरन कषाय, मोह, राग, द्वेष,अहंकार छोड़ना ही त्याग धर्म है

**छतरपुर।** जैन धर्मावलंबियों के दस दिवसीय दस लक्षण धर्म(पर्युषण पर्व) के अंतर्गत 3 सितंबर को उत्तम तप धर्म नगर के श्रावकों द्वारा धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया गया। आज 4 सितंबर को पर्युषण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म मनाया जाएगा। इस पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम देखने को मिल रही है।



डा. सुमति प्रकाश जैन के अनुसार नगर के सभी जैन मंदिरों में अल सुबह ही धार्मिक क्रियाएं प्रारंभ हो जाती हैं। श्रावक पूरे मनोयोग से श्री जी का पूजन अभिषेक करते हैं और दिन में केवल एक बार ही सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं, जिसे एकात कहते हैं। जैन व्यवसायी बंधु पूजन पाठ और एकात से निवृत होकर ही देर से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलते हैं। प्रतिदिन मंदिरों में चलने वाले सभी प्रवचनों तथा सांस्कृतिक आयोजनों का लाभ भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेते है।

प्रो. जैन के मुताबिक धर्म के दस लक्षणों में से आठवां धर्म उत्तम त्याग धर्म गुरुवार 4 सितंबर को मनाया जाएगा। उत्तम त्याग धर्म की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि त्याग का तात्पर्य छोडऩा है और जीवन को संतुष्ट बना कर अपनी इच्छाओं को वश में करना है। न केवल दौलत, वरन कषाय,मोह, राग, द्वेष, अहंकार छोडऩा ही त्याग धर्म है।छोडऩे की भावना जैन धर्म में सबसे अधिक है क्योंकि जैन संत सिर्फ घर - बार ही नहीं, वरन कपड़े भी त्याग देते हैं और पूरा जीवन दिगंबर मुद्रा धारण करके बिता देते है। व्यक्ति की शक्ति इससे नहीं परखी जाती की उसके पास कितनी धन - दौलत है बल्कि इससे परखी जाती है कि उसने कितना छोड़ा ,कितना त्याग किया है। उत्तम त्याग धर्मे हमें यही सिखाता है कि मन को संतोषी बना कर ही इच्छाओं और भावनाओं का त्याग करना मुमकिन है। दान करने से पुण्य बन्ध होता है, त्याग करना धर्म है। लेकिन त्यागी जो त्याग देता है फिर उसके बारे में नहीं सोचता। त्याग धर्म है, जिसे करने से आत्मा को बल मिलता है, मोक्ष मार्ग का रास्ता प्रशस्त होता है।

जयजय अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी जैन मंदिर में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अब तक फैंसी ड्रेस स्पर्धा, गुरप मंगलाचरण,अतिशय एक मिनट,उमंग वाहिनी ग्रुप द्वारा कार्यक्रम, अक्षय निधि, समय के साथ एवं पाठशाला के बच्चों के कार्यक्रम की लुभावनी प्रस्तुतियां हुई है, जिसका खूब आनंद लिया गया।

---

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 70 हजार की ठगी, इंस्टाग्राम आईडी पर हुई थी बातचीत

पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार



**छतरपुर।** बुलंदशहर (उ.प्र.) के मूल निवासी और फिलहाल हरपालपुर थाना क्षेत्र के मबइया गांव में रह रहे पवन कुमार ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर बड़ा आरोप लगाया है। पवन कुमार का कहना है कि ग्राम मबइया के गौतम राजपूत और नौगांव निवासी संदीप राजपूत ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे 70 हजार रुपये ठग लिए। यह रकम फोन पे के जरिए तीन अलग-अलग नंबरों पर भेजी गई। आरोप है कि ठग अब जीएसटी के नाम पर और 17 हजार रुपये मांग रहे हैं।

पीड़ित के मुताबिक, इस मामले की शिकायत थाना नौगांव में की गई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा जरूर, लेकिन कथित रूप से उनसे पैसे लेकर छोड़ दिया और पीड़ित की रकम वापस नहीं कराई। पवन ने बताया कि पुलिस ने दो दिन तक उन्हें और आरोपियों को थाने में बैठाया और बाद में धमकाकर उनका आवेदन वापस करवा दिया। इस मामले में थाना प्रभारी सतीश सिंह का कहना है कि उन्होंने पीड़ित को 60 हजार रुपये दिलवाए हैं। पीड़ित कहने लगे की आने-जाने में खर्च हुआ है 85 हजार रूपए दिलाए जाएं। मैंने उनसे कहा कि बुलंदशहर से पुलिस लेकर आओ मैं उन्हें पकड़वा दूंगा। एडिशनल एसपी विदिता डागर ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने एसपी से सख्त कार्रवाई और पूरी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

---

# 26 साल पुराने अवैध हथियार प्रकरण के 10 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना हरपालपुर पुलिस ने 26 वर्ष पुराने वर्ष 1999 के अवैध हथियार प्रकरण के स्थाई वारंटी मुन्ना लोधी पिता दयाराम लोधी निवासी ग्राम दुलारा थाना महोबकंठ जिला महोबा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, आदतन अपराधी मुन्ना लोधी हत्या का प्रयास, गुंडा एक्ट, अवैध हथियार, एनडीपीएस, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट जैसे 15 से अधिक अपराधों में लिप्त है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय राय, प्र आर राजेश अहिरवार,आर रामकिशोर यादव,आर मनोज जाटव एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।



न्याय पथ अभियान के तहत पूर्व में थाना नौगांव पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने अपहरण, दुष्कर्म के प्रकरण के आरोपी, 17 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी, थाना बमीठा पुलिस द्वारा 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी, मातगुवां पुलिस द्वारा 10 साल पुराने लूट एवं एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने छेड़छाड़ तथा 3 वर्ष पुराने मारपीट अवैध हथियार के आरोपी, बिजावर पुलिस द्वारा 7 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी, थाना गौरिहार पुलिस द्वारा 17 वर्ष पुराने चोरी के आरोपी, थाना गढ़ी मलहरा पुलिस द्वारा 17 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के आरोपी तथा थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा 21 एवं 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी सहित 431 से अधिक प्रकरणों के 5 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

---

# पुलिस द्वारा 18 आदतन अपराधी किए गए गुंडा लिस्ट में शामिल

छतरपुर



पुलिस द्वारा अपराधों के नियंत्रण हेतु आदतन अपराधियों को गुंडा लिस्ट में सम्मिलित किया जा रहा है। बीट एवं माइक्रोबीट क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधिकारियों द्वारा आदतन अपराधियों एवं गुंडा लिस्टेड बदमाशों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। समय-समय पर थाना बुलवाकर आवश्यक निर्देश एवं चेतावनी दी जा रही है।

माह अगस्त में जिले में 18 आदतन अपराधियों को गुंडा लिस्ट में सम्मिलित किया गया है जिनमें थाना बमीठा के सोनू उर्फ आरिफ खान पिता उस्मान खान चुरारन थाना बमीठा, सोनू मिश्रा पिता मिहीलाल मिश्रा ग्राम मझगवाँ थाना बमीठा, मनोज उर्फ पप्पू पाण्डेय पिता गोरेलाल पाण्डेय पीरा थाना बमीठा, थाना कोतवाली से शहवाज सौदागर उर्फ दाउ पिता रफीक सौदागर मातवाना मोहल्ला छतरपुर, थाना नौगांव में मिलन उर्फ राममिलन राजपूत पिता जगदीश राजपूत बिलहरी थाना नौगांव, जितेन्द्र पारासर पिता राकेश पारासर मऊसहानिया थाना नौगांव, राहुल सोनी पिता रामकिशोर सोनी न्यू कॉलोनी नौगांव, थाना गढ़ी मलहरा में रवि पाठक पिता सुरेश पाठक उर्दमऊ थाना गढीमलहरा, थाना महाराजपुर से छोटू उर्फ अतुल तिवारी पिता झल्लन तिवारी कुसमा थाना महाराजपुर, थाना लवकुश नगर से पांशु तिवारी पिता सुरेश तिवारी कंढी मोहल्ला लवकुशनगर, उमेश कडेरे उर्फ जूजू पिता मोहनलाल कडेरे कंढी मोहल्ला लवकुशनगर, थाना सिविल लाइन से अंकुर मिश्रा पिता आशुतोष मिश्रा नरसिंहगढ पुरवा, आलोक द्विवेदी छतरपुर थाना सिविल लाइन, थाना हरपालपुर से जितेन्द्र यादव पिता भगवानदास यादव वार्ड न 1 तोडी थाना हरपालपुर, प्रेमचन्द्र राजपूत पिता शिवपाल राजपूत इमलिया थाना हरपालपुर, सत्तू उर्फ सतेन्द्र अनुरागी पिता रमेश अनुरागी इमलिया थाना हरपालपुर, थाना खजुराहो से नदीम मोहम्मद पिता दीन मोहम्मद मंजूरनगर थाना खजुराहो एवं थाना राजनगर से अजय पाण्डेय पिता घनश्याम पाण्डेय सिचाई कॉलोनी राजनगर को गुंडा लिस्टेड किया गया है।

---

### जिला अस्पताल में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाएंः कलेक्टर

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल में ओपीडी सहित विभिन्न वार्डों एवं निर्माणाधीन कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**उपस्थिति पंजी की जांच में अनुपस्थित डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ को शोकॉज जारी करने के निर्देश**

छतरपुर।



कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को जिला अस्पताल छतरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया मौजूद रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने अस्पताल में बेहतर साफ सफाई नही मिलने पर नाराजगी जताते हुए स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए अनुपस्थित डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों से चर्चा कर उनकी समस्या एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली।



कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त प्लाज्मा एवं सभी ग्रुपों का ब्लड उपलब्ध रहे। साथ ही सभी प्रकार की जांच सुचारू ढंग से की जाए। उन्होंने कहा मरीजों को आसानी से ईलाज उपलब्ध हो और अस्पताल में जरूरी दवाईयां एवं अन्य सामग्री उपलब्ध रहे। साथ ही जन्म एवं मृत्यू प्रमाण पत्र और मरीजों को मिलने वाली शासन की योजनाओं का लाभ त्वरित मुहैया कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने अस्पताल में विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए ओ.पी.डी., उमंग स्वास्थ्य केन्द्र, ऑडियोलॉजिस्ट कक्ष, डीपीएमआर कॉर्नर, पी.आई.सी.यू., एस.एन.सी.यू., आई.सी.यू., प्रसूति वार्ड, प्रसूति प्रतीक्षालय, ऑपरेशन थिएटर, एच.डी.यू. वार्ड, बच्चा वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी सहित अन्य वार्डों एवं नव निर्मित मेटरनिटी बिल्डिंग का निरीक्षण कर जल्द ही शेष कार्य पूर्ण कराकर हैण्डओवर कराने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में खराब होने से बंद पड़ी मशीनें एवं आवश्यक उपकरणों का सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।

## 48 घंटे से लाइन में लगे किसानों को न टोकन मिला, न खाद, विरोध करने पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां, कई घायल

# जिले के करहिया मंडी में खाद को लेकर हाहाकार

# किसान भूखे, प्यासे, और अब लाठी खाएं

**दिनभर इंतजार, रात को लाठीचार्ज, मिली जानकारी अनुसार बता दे मंगलवार को करहिया मंडी में करीब तीन हजार किसान जमा हुए थे**

रीवा।

रीवा जिले की करहिया मंडी में मंगलवार को यूरिया खाद के लिए हजारों किसानों की भीड़ जुटी, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते हालात इतने बिगड़े कि देर रात पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। टोकन वितरण में अनियमितता, खाद की सीमित आपूर्ति और अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज किसानों ने जब विरोध शुरू किया, तो पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए किसानों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, लाठीचार्ज में कई किसान घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि जिले के मऊगंज, सिरमौर, हनुमना, त्योंथर और सेमरिया क्षेत्रों से आए हजारों किसान पिछले दो-तीन दिनों से खाद के लिए 24 से 48 घंटे तक लाइनों में लगे थे।







मंगलवार को करहिया मंडी में हालात तब बेकाबू हो गए जब टोकन वितरण के बाद भी दो तिहाई किसान खाली हाथ रह गए। नाराज किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग किया। वही पूरे मामले में जनसंपर्क विभाग द्वारा बताया गया कि करहिया मंडी रीवा में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तहसीलदार यतीश शुक्ला तहसीलदार शिव शंकर शुक्ला तथा जिला प्रबंधक मार्कफेड शिखा वर्मा द्वारा खाद का वितरण कराया गया। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी भी 2 घंटे तक किसानों के बीच रहकर खाद का वितरण कराती रही। शाम के सयय कुछ किसानों ने आक्रोशित होकर खाद का वितरण कर रहे तहसीलदार नायब तहसीलदार और मार्कफेड के अधिकारियों को कमरे में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके इन्हें मुक्त कराया। यहां किसी भी तरह का लाठी चार्ज नहीं किया गया। जिले भर में राजस्व अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है।

***दिनभर इंतजार, रात को लाठीचार्जमिली जानकारी अनुसार बता दे मंगलवार को करहिया मंडी में करीब तीन हजार से ज्यादा किसान जमा हुए थे।*** प्रशासन की ओर से सिर्फ 1 हजार किसानों को ही रात के अंधेरे में टोकन वितरित किए गए थे। टोकन धारकों को आधार-बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद खाद की पर्ची दी गई, लेकिन उस पर भी 5 बोरी के स्थान पर हाथ से 3 बोरी का ही आवंटन दर्ज किया गया। बाकी किसान लाइन में लगे रहे, टोकन पाने की उम्मीद में।रात होते-होते जब काउंटर बंद कर दिया गया और कर्मचारियों ने किसानों से अभी खाद नहीं मिलेगी, घर जाएं कह दिया, तो किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। पुलिस बल ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए लाठियां भांजीं। इसमें कई किसान घायल हो गए। भीड़ में महिलाएं, बुजुर्ग और विकलांग किसान भी शामिल थे, जो अफरा-तफरी में इधर-उधर भागते देखे गए।बॉक्सखाद नहीं, टोकन नहीं, पर लाठी जरूर मिलीविकलांग किसान राजकुमार पटेल, जो बैसाखी के सहारे चल रहे हैं, ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से लाइन में लगे थे लेकिन टोकन तक नहीं मिला। उन्होंने कहा हमने उम्मीद की थी कि अब खाद मिल जाएगी, लेकिन अब तो लाठियां मिल रही हैं। क्या यही है किसानों का सम्मान? वहीं एक महिला किसान ने कहा, मालूम नहीं चलता कि टोकन कब बंटता है। हम दिनभर लाइन में रहते हैं और शाम को कहा जाता है कि टोकन तो रात में बंटे थे। कोई जानकारी नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### जिले भर में 15 से 19 सितम्बर तक मनाया जाएगा कर्मयोगी पोर्टल पर सीखें सप्ताह

रीवा । जिले में विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा में कार्य करने वालों का शासन के निर्देशों के अनुसार आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है। पंजीकृत शासकीय सेवकों को आईजीओटी पोर्टल तथा ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़ ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप 15 से 19 सितम्बर तक कर्मयोगी आईजीओटी पोर्टल पर सीखें सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में सभी पंजीकृत अधिकारी पोर्टल के माध्यम से दिए जा रहे कम से कम दिए जा रहे दो प्रशिक्षणों में अनिवार्य रूप से शामिल रहें। अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी आईजीओटी प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि विभाग द्वारा आईजीओटी पोर्टल पर प्रशिक्षण देने के लिए 12 सितम्बर तक सभी अधिकारी अधीनस्थों को समुचित निर्देश जारी करें। प्रशिक्षण के लिए 8 सितम्बर तक जिला स्तर पर नोडल अधिकारी की तैनाती की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारियों को आईजीओटी प्रशिक्षण के संबंध में मार्गदर्शन देंगे। पोर्टल के माध्यम से जिला और विकासखण्ड स्तर पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा संविदा में कार्य करने वालों को 11 और 12 सितम्बर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कर्मयोगी आईजीओटी पोर्टल पर 15 से 19 सितम्बर तक सीखें सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी ब्लाक रीवा में वरिष्ठ प्रशिक्षक राजीव त्रिपाठी तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### रोजगार मेले में 13752 हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वितः प्रभारी

रीवा। रीवा में अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रीवा संभाग के 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। मेले में रीवा जिले के 13 हजार 752 हितग्राहियों को विभिन्न रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा है कि मेले में उद्यम क्रांति योजना से 200, मुद्रा योजना से 4000, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से 1000, अनुसूचित जनजाति विभाग की योजनाओं से 171 तथा जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति की योजनाओं से 161 हितग्राही लाभान्वित किए जाएंगे। हथकरघा विभाग 100, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग 100, उद्यानिकी विभाग 500, मछलीपालन विभाग 500, आजीविका मिशन 4000 तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से 20 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। रोजगारमूलक योजनाओं में युवा संगम रोजगार मेले से 1000, क्षेत्रीय औद्योगिक विकास निगम द्वारा आद्योगिक केन्द्रों में 500 तथा जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के बाहर की इकाईयों में 500 हितग्राहियों को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। आईटीआई द्वारा 500 तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 500 हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक प्रकरण 15 सितम्बर तक तैयार करके बैंकों में दर्ज करा दें। प्रकरणों के निराकरण के लिए बैंकों के साथ हर सप्ताह बैठक करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक बैंकों में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराएं। लक्ष्य के अनुसार स्वीकृत सभी प्रकरणों में ऋण एवं अनुदान का वितरण रोजगार मेले में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी युवा संगम रोजगार मेलों में निजी संस्थाओं और कंपनियों के सहयोग से रोजगार के अवसर देने के लिए इन कंपनियों से संपर्क करें।

### युवतियों से अभद्र व्यवहार पर दर्ज हुआ मामला

कटनी। माधवनगर थाना में युवतियों की शिकातय पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कार एजेंसी में कार्यरत दो युवतियों ने उनके साथ अभद्रता किए जाने पर आरोपी नरेन्द्र सिंह जाट के खिलाफ झिंझरी चौकी ने धारा 79,296,351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। युवतियों ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया था कि 29 अगस्त को कार खरीदने के बाद भी वे लगातार शो-रूम में आकर बैठ रहे थे। 31 अगस्त को दोबारा शो-रूम आए और गाड़ी की सर्विसिंग के बारे में पूछताछ करने लगे। जिस संबंध में युवतियों ने मैनेजर से बात करने को कहा। जिसके बाद उन्होंने आक्रोशित होकर युवतियों के साथ गाली-गलौच करते हुए अभद्रता की।

## स्वयंवर विवाह घर और मंदिर के पास सड़क पर अवैध निर्माण जारी, वार्ड 17 की मुख्य सड़क पर अवैध कब्जाः निगम अमला और पार्षद की चुप्पी सवालों के घेरे में

रीवा। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 17 में इन दिनों एक गंभीर मुद्दा सामने आया है जहां मुख्य सड़क पर खुलेआम अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं। मामला स्वयंवर विवाह घर के सामने और शंकरजी मंदिर के पास का है, जहां कुछ लोगों द्वारा सड़क के हिस्से पर ही बाउंड्री वॉल और भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही पूरे मामले में स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़क मोहल्ले की मुख्य सड़क है, जिस पर अवैध निर्माण से न केवल यातायात बाधित होगा बल्कि भविष्य में यह मार्ग सकरा होकर जाम की स्थिति भी पैदा करेगा। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह स्थान नगर निगम मुख्यालय से महज 800 मीटर की दूरी पर स्थित है, बावजूद इसके न तो नगर निगम का उड़नदस्ता दल सक्रिय नजर आ रहा है और न ही वार्ड की पार्षद वंदना सिंह इस पर



कोई प्रतिक्रिया दे रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने निर्माणकर्ताओं को कई बार अवैध कब्जा हटाने के लिए उड़नदस्ता प्रभारी सुखेंद्र चतुर्वेदी से शिकायत भी की लेकिन न तो निर्माण रुका और न ही नगर निगम प्रशासन ने कोई संज्ञान लिया। इससे यह सवाल उठता है कि क्या निगम केवल तभी सक्रिय होता है जब निर्माण पूरा हो चुका होता है, एक नागरिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमने निगम कार्यालय में शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। यह सड़क पहले ही संकरी हो चुकी है, अगर ऐसे ही निर्माण होते रहे तो बच्चों और बुजुर्गों का निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।बॉक्सरशहर की सड़कों पर कब्जा, गलियों में तब्दील होती व्यवस्थाशहर की चौड़ी सड़कों पर जब इस तरह का कब्जा होता है, तो न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि कानून व्यवस्था और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होते हैं। लगातार हो रहे अतिक्रमण से ऐसा प्रतीत होता है कि नियम-कायदों का पालन करने वाले लोग ही असहाय हो जाते हैं और कब्जाधारकों को कहीं न कहीं राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त होता है।

## रायपुर कर्चुलियान थाने के जप्तशुदा वाहनों की नीलामी 8 सितम्बर को

रीवा। जिले के रायपुर कर्चुलियान थाने में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में जप्तशुदा वाहनों की नीलामी 8 सितम्बर को की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के प्रावधानों के तहत एसडीएम रायपुर कर्चुलियान द्वारा इस संबंध में आदेश दिए गए हैं। नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदार को नीलामी की अंतिम राशि तत्काल जमा करनी होगी। नीलामी के पहले यदि कोई वाहन मालिक वैध दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करता है तभी उस पर विचार किया जाएगा। नीलामी के संबंध में अंतिम निर्णय नीलामी के लिए नियुक्त अधिकारी का होगा। नीलामी तथा वाहनों के संबंध में अन्य विवरण थाना रायपुर कर्चुलियान से प्राप्त किया जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर कोप्रचार रथ को दिखाई गई हरी झण्डी



रीवा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल शिविर लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रबाना किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट रंजीत भतकारिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा लीगल एड. डिफेस काउंसिल के चीफ सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ मन्जूर अहमद मन्सूरी, आनंद पाण्डेय, लीगल असिस्टेट अनीश पाण्डेय, आरती तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालेटियर साविर असलम उपस्थित रहे।

## पदमधर पार्क गणेश गरबा महोत्सव-2025 रास-गरबा एवं शिव महाआरती में कलाकारों ने दी यादगार प्रस्तुतियां




रीवा। हिन्दू धर्म परिषद एवं रिदम म्यूजिकल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय पदमधर पार्क में 01 सितम्बर से प्रारंभ गणेश गरबा महोत्सव-2025 में विध्य के नामी कलाकार करन कुशवाहा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने रास-गरबा और भव्य शिव महा आरती में कलाकारों ने यादगार प्रस्तुतियॉ देकर नगर वासियों को देर रात तक रूकने को मजबूर कर दिया। दर्शकों-गणेश भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। रिदम परिवार के मंच संचालक अवनीश शर्मा, सचिव पियूष शर्मा, नेहा सिंह, अर्चना शुक्ला ने मंच की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर परिषद के आजीवन संरक्षक रामसखा यादव के 75वें जन्मदिन पर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। यज जानकारी सांस्कृतिक सचिव नीलेश श्रीवास्तव ने देते हुये बताया कि पहले श्री गणेश महोत्सव के आयोजन में शामिल होने नगर वासियों की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है जिनकी बैठक के लिये सुनियोजित व्यवस्था की जा रही है।विंध्य की बेटी आयुषी वर्मा के सेकेण्ड लेफ्टीनेन्ट चयन होने पर किया सम्मान पदमधर पार्क में आयोजित गणेश गरबा महोत्सव-2025 के विशाल मंच पर विंध्य की बेटी आयुषी वर्मा के सेना में सेकेण्ड लेफ्टीनेंट पद के लिये चयन होने पर हिन्दू धर्म परिषद एवं रिदम परिवार के द्वारा एन.के.होण्डा एजेन्सी के सौजन्य से प्राप्त स्मृति चिन्ह प्रदान कर सार्वजनिक अभिनंदन एवं सम्मान किया गया जिसका नगर वासियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि आयुषी रिदम परिवार के वरिष्ठ सदस्य रमेश वर्मा की सुपुत्री है और जिन्होने देश भर में 24वां रैंक प्राप्त किया है और विंध्य धरा की नारी शक्ति को गौरवांवित किया है जिससे समूचे क्षेत्र में हर्ष की लहर है।



## सब्जी मंडी में नगर निगम की कार्रवाई का व्यापारियों ने किया विरोध, जेसीबी के सामने बैठे, अमला लौटा खाली हाथ

रीवा।

नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम मंगलवार को स्टेच्यू चौराहा स्थित सब्जी मंडी में दुकानों के बाहर लगे शेड हटाने के लिए पहुंची, लेकिन व्यापारियों के तीखे विरोध के चलते टीम को बिना कार्रवाई लौटना पड़ा। व्यापारियों ने पहले दुकानों के शटर बंद किए और फिर जेसीबी के सामने बैठकर विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी बुलाना पड़ा, लेकिन बाद में निगम अमले को कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने सुबह दो जेसीबी मशीनों के साथ मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की तैयारी की थी। निगम की टीम जैसे ही सब्जी मंडी पहुंची, व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने तत्काल दुकानें बंद कर दीं और सड़क पर उतरकर जेसीबी के आगे बैठ गए। व्यापारियों ने निगम की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में लगाए गए शेड किसी प्रकार की सार्वजनिक अव्यवस्था नहीं पैदा कर रहे हैं और न ही वहां किसी प्रकार का यातायात बाधित होता है, अतः इसे अतिक्रमण मानना अनुचित है। गौरतलब है कि इस मुद्दे को लेकर कुछ दिन पूर्व व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कराई थी। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा था कि शेड केवल बारिश और धूप से बचाव के लिए लगाए गए हैं और इनसे किसी को कोई असुविधा नहीं होती। इस पर आयुक्त ने स्वयं मौके का निरीक्षण करने का आश्वासन दिया था बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह नगर निगम आयुक्त ने मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया, जिसके कुछ देर बाद अतिक्रमण विरोधी अमला कार्रवाई के लिए जेसीबी मशीनों के साथ पहुंच गया। हालांकि, व्यापारियों की एकजुटता और विरोध के चलते अंततः निगम को कार्रवाई रोकनी पड़ी और टीम को वापस लौटना पड़ा।

## मैहर के 6 ग्राम पंचायतों ने उठाई आवाज कहा- हमें रीवा जिले में किया जाए शामिल




रीवा ।

नवगठित मैहर जिले के छह ग्राम पंचायतों ने रीवा जिले में शामिल होने की मांग को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। मंगलवार को इन पंचायतों के प्रतिनिधि मंडल ने रीवा संभागायुक्त से भेंट कर ज्ञापन सौंपा और प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के तहत रीवा जिले में शामिल किए जाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों की भौगोलिक और सामाजिक दृष्टि से रीवा से नजदीकी है, जबकि मैहर जिले से इनका संपर्क सीमित है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य शासन द्वारा गठित प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों का अभिमत लिया था, जिसमें 90 से 95 प्रतिशत ग्रामीणों ने रीवा में शामिल होने पर सहमति दी है। बता दे राज्य सरकार ने हाल ही में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन को लेकर एक आयोग का गठन किया है, जिसका उद्देश्य जिलों और तहसीलों की सीमाओं का पुनः परीक्षण करना है ताकि शासन और सुविधाएं आमजन तक सुगमता से पहुंच सकें। आयोग के निर्देश पर संबंधित पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की गई थीं, जिनमें अधिकांश ग्रामीणों ने रीवा जिले में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया। रीवा से जुड़ाव अधिक, सुविधाओं की भी अपेक्षाग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परिवहन जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए उन्हें रीवा पर ही निर्भर रहना पड़ता है। वर्तमान में प्रशासनिक रूप से मैहर जिले में शामिल होने के कारण उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मैहर मुख्यालय इन पंचायतों से दूर है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित करें - कलेक्टर

मऊगंज



कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले में आदिकर्मयोगी अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एसडीएम व सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि 5 सितंबर से 15 सितंबर तक पंचायत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित करायें। उन्होंने कहा है कि कार्यशाला प्रशिक्षण में ब्लाक स्तर के सभी विभाग के एक-एक अधिकारी एवं कर्मचारी को शामिल किया जाय। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वन विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारियों सहित स्वयंसेवी संगठनों एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता को भी शामिल किया जाना है।

## मऊगंज कॉलेज में क्लास रूम के डिजिटल बोर्ड पर भोजपुरी गाने, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

मऊगंज

जिले के पीएम-श्री शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि जिस समय कक्षा में पढ़ाई होनी चाहिए थी, उस दौरान डिजिटल बोर्ड पर भोजपुरी गाने बज रहे थे। हैरानी की बात यह रही कि क्लासरूम में छात्र-छात्राएं मौजूद थे लेकिन कोई शिक्षक नजर नहीं आया।यह वही महाविद्यालय है जिसे करोड़ों रुपए खर्च कर पीएम-श्री का दर्जा दिया गया है। यहां बेहतर भवन, डिजिटल क्लासरूम, टेबल-बेंच और तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। लेकिन मैनेजमेंट और अनुशासन की कमी अब बार-बार सामने



आ रही है। कुछ ही दिन पहले इसी कॉलेज प्रशासन पर आउटसोर्स कर्मचारियों की जगह अपने रिश्तेदारों की नियुक्ति का आरोप लगा था, जिस पर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। अब एक बार फिर से कॉलेज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला मामला उजागर हो गया है।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ छात्र भोजपुरी गाने का मजा ले रहे हैं, वहीं छात्राएं शर्म से सिर झुकाए बैठी दिखीं। प्राचार्य सोमदत्त पांडे ने बताया कि यह घटना सोमवार की है। उनके अनुसार, दो छात्रों ने प्रोजेक्टर का लॉक तोड़कर उसमें छेड़छाड़ की और भोजपुरी गाना चला दिया। उन्होंने कहा कि उसी दिन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर एडमिशन प्रक्रिया चल रही थी, जिससे कॉलेज परिसर में भीड़ ज्यादा थी। इसी बीच छात्रों ने क्लासरूम में घुसकर यह हरकत की। दोनों छात्रों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है।वहीं, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम को जांच सौंपी है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले महाविद्यालय में इस तरह का घटनाक्रम सामने आना निश्चित ही चिंताजनक है। एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर छात्रों की अनुशासनहीनता और प्रशासनिक लापरवाही से संस्थान की छवि धूमिल हो रही है। यह घटना न सिर्फ कॉलेज प्रबंधन पर सवाल खड़े करती है बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गंभीर चिंता जताती है।